भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश, राज्य मुख्यालय
शांति मार्ग, श्यामला हिल्स, भोपाल

Website:www.bsgmp.net, E_mail: bsgmadhyapradesh@gmail.com , Phone ☎: 2661263, Fax: 2737446

क्रमांक/ 5134/रामु/युवा कार्य0/2017–18 भोपाल, दिनांक 3/2/2018

प्रति,

1. जिला शिक्षा अधिकारी/सहायक आयुक्त आदिवासी विकास
   पदेन जिला मुख्य आयुक्त जिला ....(म0प्र0) ।
2. सहायक राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड)
   भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश
   संभागीय कार्यालय ....(म0प्र0)।

विषय :– राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस में सहयोग एवं रैली का आयोजन ।

सन्दर्भ :– मिशन संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्यप्रदेश भोपाल का पत्र क्र0/एनएचएम/एनआईपीआई/2018/944 भोपाल, दिनांक 24/01/2018

–0–

उपरोक्त विषयान्तर्गत एवं सन्दर्भ में लेख है कि सन्दर्भित पत्रानुसार राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन दिनांक 9 फरवरी 2018 को पूरे भारत में किया जा रहा है । कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर दिनांक 9 फरवरी 2018 एवं 15 फरवरी 2018 को बच्चों को कृमि नाशन गोली खिलावायी जाएगी । भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश संस्था द्वारा उक्त दिवस के अवसर पर संभाग व जिला, ब्लाक, संस्था स्तर पर स्काउट–गाइड, रोवर–रेंजर एवं स्काउटर–गाइडर द्वारा जन चेतना रैली का आयोजन कर 1 से 19 वर्ष आयु के बच्चों को कृमि संक्रमण से हानिकारक प्रभाव से मुक्ति के लिये 3 स्तर पर शासन द्वारा विभिन्न केन्द्रो में दिये जा रहे कृमि नाशन की गोली निःशुल्क बच्चों को खिलवाये जाने हेतु प्रचार प्रसार किया जाना है एवं सहयोग करना । दिनांक 9 फरवरी 2018 को प्रत्येक प्राथमिक विद्यालयों में अनिवार्य रूप से एक दिवसीय हॉलीडे केम्प आयोजित कर कृमि नाशन गोली खिलवाई जावे । एल्ब्रेडाजॉल बच्चों के लिये सुरक्षित गोली है । आंगनबाड़ी कार्यकर्ता/ शिक्षक अपने सामने ही हर बच्चे को गोली खिलायें । 3 स्तर कार्यक्रम –1. 1 से 5 वर्ष के बच्चों को यह गोली आंगनबाड़ी केन्द्रों में खिलाई जाएगी ।
2. 6 से 19 वर्ष के बच्चों यह गोली स्कूलों में खिलाई जाएगी ।
3. शाला अप्रवेशी/शाला त्यागी बच्चों को भी यह गोली आंगनबाड़ी केन्द्रां में खिलाई जाएगी ।

अतः निर्देशित किया जाता है कि प्रत्येक स्तर पर प्रचार–प्रसार कर सहयोग कर दिनांक 20 फरवरी 2018 तक प्रतिवेदन, फोटोग्राफ्स पेपर कटिंग अनिवार्य रूप से राज्य मुख्यालय भोपाल को प्रेषित करें ताकि संकलित जानकारी उच्च कार्यालय को प्रेषित की जा सके ।

राज्य सचिव
भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश

पृ0क्रमांक/ 5135 /रामु/युवा कार्य0/2017–18 भोपाल, दिनांक 3/2/2018

प्रतिलिपि :–1. राज्य मुख्य आयुक्त राज्य मुख्यालय भोपाल ।
2. मिशन संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्यप्रदेश भोपाल (म0प्र0) ।
3. संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण संभाग ....(म0प्र0) ।
4. संभागीय उपायुक्त, अनुसूचित जाति एवं आदिवासी विकास संभाग ....(म0प्र0)
5. जिला संगठक (स्काउट/गाइड) जिला संघ ....(म0प्र0) ।

राज्य सचिव
भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश

E:\Activity_Gatividi\ACTI S-G 2017-18\ACTIVITI S-G Letter.docx-sahu-78